
हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 29 दिसंबर 2024

दुर्ग संभाग में अलर्ट जारी, तीन दिन तक रहेंगे बारिश के आसार 13



मुख्यमंत्री साय ने किसानों को लिखी चिट्ठी, किसानों ने... 14





## खबर संक्षेप

### हीरापुर में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 31 को

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में 31 दिसंबर को रात्रिकालीन रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोलीराम साहू, उपाध्यक्ष परमेश्वर साहू, सचिव गप्पू साहू ने बताया कि एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1001 रूपये रखा गया है। वहीं, सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1001 रूपये रखा गया है। इसी तरह बेस्ट नृत्य के लिए 301 रूपये, बेस्ट संगीत 301 रूपये, बेस्ट वेशभूषा के लिए 301 रूपये का विशेष पुरस्कार भी रखा गया है।

### चारवाही में क्रिकेट स्पर्धा जारी, समापन 31 को

**बालोद।** ग्राम चारवाही में नवयुवा क्रिकेट क्लब द्वारा ग्रामीणस्तीयर पांच दिवसीय किक्रेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 दिसंबर को हुआ, जिसका समापन 31 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये रखा गया है।

### ग्राम डुंडेरा (कुरदी) में देव मड़ई 4 जनवरी को

**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा (कुरदी) में देव मड़ई का आयोजन 4 जनवरी को किया गया है। सरपंच छबिलाल कोर्राम ने बताया कि मड़ई में मुख्य आकर्षक आसपास से आए डांग डोरी, आकाशीय झूला, मिठाई की दुकानें होंगी। वहीं, रात्रि में मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम निपानी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### गोरकापार चीचा में मड़ई-मेला 9 को

**अंडा।** ग्राम गोरकापार चीचा में 9 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। उदला राम साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी बिजेतरा भांठागांव सिकोसा वालों का कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही 11 और 12 जनवरी को दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन रखा गया है।

### नवसृजन वेलफेयर फाउंडेशन का दो दिवसीय कार्यक्रम 1 जनवरी से

**डौंडीलोहारा।** नगर में श्री नवसृजन वेलफेयर फाउंडेशन रायपुर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था के माध्यम से दो दिवसीय कार्यक्रम 1 व 2 जनवरी को रखा गया है। इसके तहत जागरुकता अभियान, स्कूल के बच्चों द्वारा नशा मुक्त विशाल रैली, योग शिविर, स्वच्छता अभियान, कराते अभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सहित सामाजिक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष बस्तर और कोमाखान(महासमुंद)से सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

# सोलर हाईमास्ट लाइट से रोशन होगा नगर पंचायत डौंडीलोहारा का वार्ड क्रमांक 6

## पार्षद की सक्रियता से अधोसंरचना मद से स्वीकृत हुई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर पंचायत का वार्ड क्रमांक 06 अब सोलर हाईमास्ट लाइट की रोशनी से रोशन होगा। इसके साथ ही ओसवाल भवन से सोसायटी दुकान तक स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। इन दोनों कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है।

■ ओसवाल भवन से सोसायटी दुकान तक स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी

बता दें कि वार्ड की पार्षद माया जयेश ठाकुर के सक्रिय प्रयास से वार्ड क्रमांक 06 में सोलर हाई मास्ट लाइट के लिए अधोसंरचना मद से 5.38 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। यह राशि निर्माण एजेंसी क्रेडा विभाग को स्थानान्तरित होने के बाद बहुत जल्द वार्ड में सोलर हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी। इससे वार्ड क्रमांक 06 हमेशा रोशन रहेगा। साथ ही ओसवाल भवन से सोसायटी दुकान तक स्ट्रीट लाइट के लिए 6.67 लाख रुपये की भी स्वीकृति करायी गयी है। पार्षद माया जयेश ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद नगरीय क्षेत्रों के विकास तथा नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार राशि स्वीकृत की जा रही है।



### मुख्यमंत्री सहित सभी नेताओं का जताया आभार

पार्षद श्रीमती ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, सांसद कांकेर भोजराज नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा सहित जिले एवं मंडल के सभी भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से वार्ड क्रमांक 06 में अंधेरे को हमेशा के लिए दूर करने के लिए सोलर हाईमास्ट लाइट की स्वीकृति प्राप्त हुई है। श्रीमती ठाकुर ने बताया कि वार्ड में प्रकाश व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए अधोसंरचना मद से ही ओसवाल भवन से सोसायटी दुकान तक स्ट्रीट लाइट के लिए 6.67 लाख रुपये की भी स्वीकृति करायी गयी है।



## कार्रवाई : सेवा सहकारी समिति धनेली का मामला, विभाग ने जमा करवा ली रकम

# सहायक प्रबंधक ने परिजनों के नाम पर फर्जी तरीके से निकाला केसीसी ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

क्षेत्र में समितियों में किसानों के साथ धोखाधड़ी करने, फर्जी तरीके से ऋण निकालने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं, मामले में जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करने से उन पर भी संदेह की सुई घूम रही है।

ताजा मामला सेवा सहकारी समिति धनेली का है, जहां सहायक प्रबंधक धनेश कुमार ने अपने परिजनों के नाम से 1.84 लाख का केसीसी ऋण निकाल लिया, जबकि जानकारी के अनुसार उसे मात्र 26 हजार की ही पात्रता थी। बताते हैं कि उसने यह ऋण विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर निकाला था उन्हें उम्मीद थी कि ऋण माफ हो जाएगा, लेकिन माफ नहीं हुआ।

बताते हैं कि मामले का खुलासा विभाग के ही कर्मचारियों ने किया। मामले की जानकारी होने पर सेवा सहकारी समिति धनेली के कर्मचारी ने ही विभाग के लोगों को इसकी जानकारी दी।

उधर, जानकारी के बाद विभाग ने गुपचुप तरीके से पूरे मामले का सेटलमेंट कर दिया। आरोपी सहायक प्रबंधक धनेश कुमार से ऋण की राशि जमा कर दी गई। हालांकि, सजा के तौर पर उसे सहायक प्रबंधक के पद से हटा दिया गया। आरोपी धनेश कुमार अब भी सेवा समिति धनेली में ही पदस्थ हैं एवं विभाग के महत्वपूर्ण कार्य संपादित कर रहे हैं।




### प्रबंधक पर था तीन समितियों का प्रभार

मामले में विभाग के जिम्मेदार लोगों ने पूरी गोपनीयता बरती और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। बताया जा रहा है कि यहां उस दौरान समिति प्रबंधक के रूप में जयंत सिन्हा पदस्थ थे। जयंत सिन्हा के पास उस दौरान धनेली समिति के साथ सेवा सहकारी समिति दर्रा एवं सेवा सहकारी समिति मिर्रीटोला का भी प्रभार था, अर्थात एक साथ तीन समिति का प्रभार था। इसके कारण वे धनेली समिति में कम ही आते थे एवं पूरी जिम्मेदारी सहायक धनेश कुमार पर थी। जयंत सिन्हा वर्तमान में सुपरवाईजर के पद पर पदोन्नत हो चुके हैं।

### जमा कर चुका हूं राशि

मामले में धनेश कुमार ने कहा कि मैं केसीसी ऋण की राशि जमा कर चुका हूं। वर्तमान में मैं सहायक के पद पर नहीं हूं, समिति में कार्य कर रहा हूं।

### और भी कई नाम होने की आशंका

यहां यह भी बताया जा रहा है कि उस दौरान समिति को धान खरीदी में ही लाखों की हानि हुई थी, जिसकी कथित तौर पर भरपाई कराई जा चुकी है, इस मामले में भी कोई चर्चा करने को तैयार नहीं है। आरोप है कि पूरे मामले में अकेले धनेश कुमार ही आरोपी नहीं है, बल्कि मामले की गहराई से जांच की जाए तो इसमें और कई लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। लेकिन बड़े लोगो के फंसने की आशंका को देखते हुए पूरे मामले को गोपनीय तरीके से निपटाया जा रहा है।

### की जा चुकी है वसूली

धनेश कुमार सहायक समिति प्रबंधक के पद पर कार्य करते हुए अवैधानिक तरीके से पात्रता से अधिक केसीसी ऋण निकाला था। उससे वसूली कर ली गई है। इसके साथ ही पद से भी हटा दिया गया है। अभी मोरध्वज साहू प्रभार संभाल रहे हैं।

**जयंत सिन्हा,** तत्कालीन प्रबंधक

# ट्रैक्टर से गिरा मजदूर पहिए में दबा, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के ब्लाक गुरुर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम मुड़गहन नाली पार रोड के पास मजदूरी कर ट्रैक्टर से घर वापस लौट रहे झलमला निवासी 58 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रैक्टर के पहिए में दबने से मौत हो गई है। घटना शुक्रवार को दोपहर लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। मामले में शुक्रवार को गुरूर थाने में शिकायत भी की गई है। शिकायतकर्ता ग्राम झलमला निवासी विमल ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह मैं व मेरे गांव झलमला के हेमलाल साहू, मनमोहन पटेल के साथ ग्राम कन्नेवाड़ा निवासी रामनारायण टांडिया के ट्रैक्टर में बैठकर मजदूरी करने के लिए ग्राम डोकला गये थे। वहां से लौटते के दौरान ग्राम मुड़गहन नाली पार रोड के पास चालक द्वारा तेज गति से ट्रैक्टर चलाने के कारण ट्रैक्टर की मुंडी में बैठा हमारा साथी हेमलाल साहू गिर गया और ट्रैक्टर का चक्का उसके ऊपर चल गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक हेमलाल सहित सभी मजदूर क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक के साथ लकड़ी परिवहन का कार्य करते थे।



**ग्रामीणों ने कहा-लकड़ी का भारी गोला गिरने से हुई मौत-** उधर, ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमलाल की मौत ट्रैक्टर से गिरने से नहीं बल्कि उसके ऊपर लकड़ी का भारी गोला गिरने से हुई है। बहरहाल मामले में पुलिस जांच जारी है। सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। वहीं, गुरूर थाने में शिकायत के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



# राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

मानस प्रचार समिति पलारी के सदस्यों ने राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू से भेंट की। इस दौरान मंत्री श्री साहू ने मानस महोत्सव में शामिल होने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर अध्यक्ष टेकलाल सोनबेर, कोषाध्यक्ष संतोष गंगबेर, वेगेन्द्र सोनबेर, नरोत्तम साहू उपस्थित थे।

# सिख समाज ने निकाला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सरबंसदानी गुरु गोबिन्द सिंह के प्रकाश पर्व के संबंध में शनिवार को शहर में नगर कीर्तन भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब के छत्तर छाया में शहर स्थित गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा से दल्ली चौक, घड़ी चौक, जय स्तंभ चौक, मधु चौक, सदर रोड से होते हुए गुरुद्वारा में वापस पहुंचे जहां लंगर का आयोजन भी किया गया था, जहां अनेकों लोगों ने लंगर में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया।

नगर कीर्तन भ्रमण के दौरान महिलाएं, पुरूष, बच्चे गुरू के रथ के सामने झाड़ू लगाने, पानी डालते गुरू के मार्ग को साफ करते चल रहे थे। मार्ग पर फूलों को बिखेर कर सड़क को सजाने का काम कर रहे थे। गुरू के पावन गीतों में समाज के लोग झूम नाच रहे थे। इस दौरान समाज के पताका को हाथों में लेकर पारंपरिक वस्त्रों में सजकर समाज के छोटे बच्चों के साथ युवा शोभायात्रा की रौनक बढ़ा रहे थे।





# ओबीसी महासभा का सभी जिलों में धरना आज, सीएम के नाम सौंपेगी ज्ञापन

## ओबीसी महासभा की वर्चुअल बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ ने मांगों को लेकर 29 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपने का प्रस्ताव पारित किया है।

■ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनावों में ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी उतारे जाएंगे

उक्त निर्णय 25 दिसम्बर को गूगल मीट के माध्यम से आयोजित ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने किया। बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। बैठक में नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के द्वारा 54 बिंदु कालम में सर्वेक्षण के बाद आयोग की रिपोर्ट पर छत्तीसगढ़ केबिनेट द्वारा पारित अध्यादेश में ओबीसी आरक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अंततः 29 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण में कटौती किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देने पर सहमति बनी। इसके साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि यदि सरकार पंचायती राज त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में की गई कटौती में बढ़ोतरी नहीं करती है, तो हाईकोर्ट से स्टे लेने के लिए याचिका लगाई जाएगी।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधे श्याम, प्रदेश उपाध्यक्ष द्वय परशुराम सोनी एवं डाक्टर आई.पी.यादव, प्रदेश महासचिव ओबीसी जनकराम साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा खिलेश्वरी साहू, प्रदेश सचिव द्वय कृष्णा प्रजापति ⏭ शेष पेज 13 पर

## ग्राम पुतरवाही में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज ने शक्ति दिवस कार्यक्रम में किया सम्मानित

# शिक्षक दंपति की सराहनीय पहल, प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

ग्राम पुतरवाही में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा शक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों के साथ ही समाज के शिक्षक दंपति लीलाधर ठाकुर व पद्मिनी ठाकुर की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दंपति की ओर से शिक्षक लीलाधर ठाकुर के पिता शत्रुघ्न सिंह ठाकुर ने कक्षा 5 से 12वीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके तहत 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 5000 तथा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 3000 रूपए नकद राशि प्रदान की गई। इसी तरह गांव की बेटी नेशनल वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी वीणा ठाकुर का भी सम्मान किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों शत्रुघ्न सिंह ठाकुर प्रधान पाठक, हेमराज तारम प्रधान पाठक, बंशीलाल तारम बीएसबी कर्मचारी कचरू राम मारगींय भृत्य, भूतपूर्व सैनिक मिलन सिंह रावटे को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी तरह गांव के गणमान्य नागरिकों और बुजुर्गों को श्रीफल और गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया।





### आगामी वर्ष भी किया जाएगा सम्मानित

शिक्षक दंपति लीलाधर ठाकुर, पदमिनी ठाकुर ने बच्चों को परीक्षा में मेहनत और लगन से आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि बच्चों को हमेशा ही प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे बच्चों में हमेशा ही आगे बढ़ने की चाह होती है। इसके साथ ही उन्होंने आगामी वर्ष में भी कक्षा 10वीं में तथा 12वीं में 80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 3000 व 5000 रूपए की राशि प्रदान कर सम्मानित करने की घोषणा की। इस दौरान ग्राम प्रमुख गैतत्रु राम भुआर्य, अजब सिंह तारम, लोकेश घोड़ापटिया, अजय सिंह घोड़ापटिया, बच्चन सिंह तारम ने शिक्षक दंपति की इस अच्छी पहल की सराहना की।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यशाला का समापन

**रायपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-सहायक औषधि नियंत्रक और औषधि निरीक्षक एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। द्वितीय दिवस में प्रशिक्षण का आरंभ ओमप्रकाश सदवानी सेवानिवृत संयुक्त औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन महाराष्ट्र के व्याखान पर प्रारंभ हुआ, जिसमें उनके द्वारा ड्रग एण्ड मैजिक रेमेडिस आब्जेक्टिनेबल एडवरटाइसमेंट एक्ट, 1954 के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। द्वितीय पाली में राजेन्द्र हरना रिटायर्ड राज्य औषधि नियंत्रक हरियाणा द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संदर्भ में विभिन्न महत्वपूर्ण संशोधनों के साथ विस्तृत जानकारी दी गई। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुशांत महापात्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के अनुसार प्रकरणों की विधिसम्मत विवेचनाओं के बारे जानकारी साझा की गयी।

### पटवारी आरआई का यात्रा भत्ता बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राजस्व निरीक्षक (आईआई) पटवारी समेत समकक्ष कर्मियों के यात्रा भत्ता में वृद्धि की है। जिन कर्मियों को 350 रुपए भत्ता दिया जा रहा, उन्हें अभ 1200 रुपए महीना मिलेगा और जिन कर्मियों को 300 रुपए भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें अब 1000 रुपए यात्रा भत्ता दिया जाएगा। वित्त विभाग के आदेश के मुताबित राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, ग्राम सेवक, सहायक विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंड पंप तकनीशियन को 350 की जगह 1200 रुपए यात्रा भत्ता की पात्रता होगी। इसी तरह जिला एवं तहसीलों के राजस्व विभाग के भृत्य एवं जमादार, वन राजस्व विभाग के चेनमेन, न्यायिक एवं वाणिज्यिक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले पटवारियों को 300 की जगह 1000 रुपए यात्रा भत्ता मिलेगा।

### रेडक्रास सोसायटी के 5 सदस्यों का चुनाव 7 को

**रायपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर में प्रबंध समिति गठन के लिए शेष 5 सदस्यों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में एक साधारण सभा की बैठक 7 जनवरी को सुबह 11 बजे रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्टर परिसर रायपुर रखी गई है। इस बैठक में 7 दिसंबर को प्रकाशित सूची में शामिल संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में जिनका पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है और जिन्होंने अब तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। वे 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते है। श्रमिक अपना पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया मोबाइल एप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकते है।

### राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा स्पर्धा कार्यक्रम में बदलाव

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इसे देखते हुए राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 के कार्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल खेल ज्योति यात्रा, मार्च पास्ट, मातृहस्त भोजन जैसे कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। वनवासी समिति के अध्यक्ष और वन मंत्री केदार कश्यप ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय शोक दिवस को देखते हुए वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता को सादगी एवं औपचारिक तरीके के साथ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समय में बदलाव करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद दोपहर 3 बजे से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा।

# खुला दो साल से बंद गायनी वार्ड का ताला, मरीजों को मिलेगी 10 बेड की अतिरिक्त सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोनाकाल में संक्रमित गर्भवती महिलाओं को भर्ती करने के लिए उपयोग किए जाने वाले गायनी वार्ड का ताला दो साल बाद खुल गया है। नए साल में यहां आने वाले मरीजों को 10 बेड की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चार वार्ड में करीब 120 बेड मौजूद हैं, जो जरूरत के वक्त कई बार कम पड़ जाते हैं।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सबसे ज्यादा मरीज आते हैं। ओपीडी के साथ यहां प्रसव के लिए भी बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं। विभाग में वैसे तो चार वार्ड हैं, जहां 120 की क्षमता में मरीजों के लिए बिस्तर मौजूद होते हैं, मगर कई बार इनकी संख्या कम हो जाती है और मरीजों को बेड शेयर करने की जरूरत पड़ जाती है। कोरोनाकाल में आंबेडकर अस्पताल में बड़ी संख्या में संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया था। संक्रमित महिलाओं को सामान्य गर्भवती से दूर रखने के लिए पृथक वार्ड बनाया गया था। महामारी समाप्त होने के बाद कोविड वार्ड का उपयोग बंद कर दिया गया था। करीब दो साल बाद इस विभाग में लगा ताला पुनः खोला गया है और प्रसव के लिए आने वाली महिला मरीजों के लिए दस बेड का नया वार्ड बनाया गया है। इस नए वार्ड का लोकार्पण नए साल में मरीजों के उपयोग के लिए किए जाने की तैयारी है।

## वर्तमान में 120 बेड की क्षमता, जरूरत के हिसाब से कई बार कम पड़ते हैं

### एल-2 ट्रामा भी

आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा तैयार करने के लिए भी केंद्र सरकार से फंड मिला था। योजना के तहत निर्माण कार्य में कुल राशि का 40 फीसदी केंद्र सरकार को देना था। फंड के अभाव में तीन से चार साल पहले इस गंभीर मरीजों के लिए ट्रामा विस्तार की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। एक-दो बार इसके लिए प्रयास हुआ, फिर काम बंद कर दिया गया था। क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रामा का समायोजन भी प्रस्तावित नए सात सौ बिस्तर के इंटीग्रेटेड हास्पिटल में किया जाना है।



### नए भवन में एमसीएच यूनिट

पुराने बॉयज हास्टल की जगह बनाए जाने वाले सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन में मदर्स एंड चाइल्ड केयर यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए वहां ज्यादा बेड के साथ अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय पहले एमसीएच का पृथक यूनिट बनाने की योजना को केंद्र सरकार से अनुमति मिली थी। इसके लिए वहां से करीब एक करोड़ फंड भी जारी हुआ था। उस दौरान प्रारंभिक स्तर पर योजना बनाई गई थी, फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

*कलेक्टर, एसपी निकले शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की सुध लेने, दिए कई जरूरी निर्देश*

# व्यस्त चौराहों पर रोटरी बनाकर ट्रैफिक जाम से निपटने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था तथा शहर के ऐसे चौराहे जिसकी चौड़ाई कम है, ऐसे चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने रोटरी निर्माण कराया जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पैदल जायजा लेने के लिए निकले। पैदल सड़कों पर निकले कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर सड़कों के किनारे नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन, गुमटी, ठेलों को प्रहरी टीम के माध्यम ने तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही जिन चौराहों पर रोटरी नहीं लगे हैं, उन स्थानों पर अस्थायी रोटरी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सड़कों के गड्ढे एवं पेचवर्क को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

- **महिला थाना, राजीवगांधी चौक सहित कई चौराहों पर स्थायी रोटरी बनाए जाने की तैयारी**

अफसर घड़ी चौक से पैदल ट्रैफिक व्यवस्था की जायजा लेने के लिए निकले। कई स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुराने वाहन को हटाने, पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सड़कों पर फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाए। अफसरों ने देवेंद्र नगर, शंकर नगर एवं खम्हारडीह चौक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देवांगन, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## इन चौराहों पर रोटरी बनाने निर्देश

- बंजारी चौक - अस्थायी रोटरी के स्थान पर पक्का रोटरी निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- राजीव गांधी चौक - रोटरी का निर्माण किया जाना
- महिला थाना चौक - अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी का निर्माण
- लाखे नगर चौक- स्थायी रोटरी, डिवाइडर का निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- कमल विहाक चौक - सिग्नल लगाने निर्देश
- आमापारा चौक- अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, डिवाइडर निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- स्टेशन रोड- रेलवे स्टेशन के गेट नं-1 एवं 2 के मध्य डिवाइडर



- देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे - स्थायी रोटरी का निर्माण
- अवंति बाई (लोधीपारा) चौक - क्रिस्टल आर्केट की ओर से आने वाले मार्ग में लेफ्ट टर्न में बाधित दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने निर्देश
- पंडरी कपड़ा मार्केट रोड - कपड़ा मार्केट जाने के लिए वर्तमान में केवल एक ही मार्ग है। मुख्य मार्ग के समानान्तर मार्ग में स्थित दो दुकान को हटाकर नया मार्ग का निर्माण
- खम्हारडीह थाना चौक - अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- शंकर नगर एक्सप्रेस-वे चौक - वर्तमान में लगा सिग्नल आईटीएमएस का एवं सिग्नल में वीएसी मोड नही होने के कारण सिग्नल संचालन में असुविधा, महिला थाना चौक के सिग्नल को शिफ्ट करने निर्देश
- कृष्ण कुंज - अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक सर्विस रोड नही होने से रॉग साइड मुव्हमेंट होता है, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक कृष्ण कुंज के सामानांतर सर्विस रोड निर्माण के निर्देश।
- रिंग रोड नं 1 - महासमुंद बैरियर से चंद्रा आईकॉन तक सर्विस रोड का निर्माण
- कमल विहार चौक देवपुरी - संतोषीनगर रोड में भारी मालवाहक वाहन प्रतिबंधित करने से कमल विहार चैक देवपुरी मार्ग में यातायात दबाव बढ़ने के साथ जाम की स्थिति। जाम से निपटने लाखे नगर चौक के सिग्नल को कमल विहार चैक में शिफ्ट करने निर्देश

# दूसरे विश्वविद्यालयों से प्रोफेसर बुलाएगा रविवि, छात्रों को मिलेंगे टिप्स, बताएंगे न्यू ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब दूसरे विश्वविद्यालयों से प्राध्यापकों को आमंत्रित करेगा। कैमेस्ट्री विभाग में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। अन्य विभागों में भी इसकी तैयारी की जा रही है। रविवि विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम के तहत प्राध्यापकों को आमंत्रित कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि छात्रों को अन्य विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन मिल सके और वे उन्हें नए टिप्स दे सकें। इसके अलावा प्राध्यापक उन्हें संबंधित विषय से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार की संभावना बताने के साथ ही नए ट्रेंड के विषय में बताएंगे। विवि प्रबंधन का मानना है कि इससे छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन में सुधार आएगा। किसी भी प्राध्यापक को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करने निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्धारित की गई प्रक्रिया के अंतर्गत विवि अध्ययनशाला द्वारा उन प्राध्यापकों के नाम भेजे जाएंगे, जिन्हें वे व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं।



### कोलकाता से किए गए आमंत्रित

*विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम की शुरुआत कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट से की गई है। कोलकाता विवि से प्रो.नीतिन चटोपाध्याय को आमंत्रित किया गया है। अन्य विभागों से भी उन प्राध्यापकों के नाम मंगाए गए हैं, जिन्हें वे अतिथि व्याख्याता के रूप में आमंत्रित करना चाहते हैं। यह पहली बार है, जब रविवि अन्य विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को मानदेय के आधार पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित कर रहा है।*

### एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार

विजिटिंग प्रोफेसर को किए जाने वाले भुगतान को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। चयनित विजिटिंग प्रोफेसर साल में दो बार सप्ताह भर के लिए रविवि आ सकेंगे। उन्हें प्रति व्याख्यान 2.5 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा, लेकिन एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार से नहीं होगा, चाहे वे कितनी भी कक्षाएं लें। सभी विभागों के व्याख्यान के लिए ये ही नियम लागू रहेंगे। रविवि अध्ययनशाला में अधिकतर स्नातकोत्तर कक्षाओं का ही संचालन होता है। ऐसे में विशेषज्ञ व्याख्याता ही आमंत्रित किए जाएंगे, जो विषय का ज्ञान गहराई से छात्रों को दे सकें।

# रायपुर सहित राज्य के 14 जिलों में 29 नए थाना खोलने की तैयारी

**जिलों से मिले प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर पर कार्यवाही शुरू, मांगी गई जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के 14 अलग-अलग जिलों के 29 स्थानों पर नए थाना खोलने शासन स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित जिलों के एसपी ने पूर्व में थाना खोलने शासन के प्रस्ताव भेजा था। उसी प्रस्ताव के अनुरूप जिन स्थानों में थाना खोलने पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए हैं, वहां पिछले तीन वर्षों में अपराधों की संख्या तथा जहां नए थाने खोलने हैं, वहां से मूल थाना क्षेत्र की दूरी की जानकारी देने संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिए गए हैं।

- **ज्यादातर प्रस्ताव नक्सल प्रभावित जिलों से, राजा तालाब में भी खुलेगा थाना**

जिन जिलों में नए थाना खोलने तैयारी की गई है, उनमें रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, जशपुर, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा शामिल है।

रायपुर के राजातालाब को भी चौकी से उन्नयन कर थाना खोलने प्रस्ताव भेजा गया है। सबसे ज्यादा प्रस्ताव नक्सल प्रभावित बस्तर इलाके में थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं। बस्तर में 17 नए थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं।

## राज्य में वर्तमान में इतने थाना संचालित


राज्य के अलग-अलग जिलों के शहरी तथा कस्बाई क्षेत्र में वर्तमान में 482 थाना संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 32 ट्रैफिक थाना तथा पांच रेंज साइबर थाना संचालित हो रहे हैं। रेंज साइबर तथा ट्रैफिक थानों को जोड़ दें, तो कुल 519 थाने संचालित हो रहे हैं। 29 नए थाना खुलने से संख्या बढ़कर 548 हो जाएगी।

### इन जिलों में इन स्थानों पर थाना खोलने प्रस्ताव

- **रायपुर** : राजातालाब नूरानी चौक
- **बलौदाबाजार** : निपनिया
- **महासमुंद** : बड़े साजापाली, गढ़फुलझर
- **धमतरी** : सिंगपुर, आमदी नगर पालिका निगम शहरी क्षेत्र
- **बालोद** : मंगलतराई, करहीभदर, लाटाबोड़
- सारंगढ़-बिलाईगढ़ - गोड़म
- **कोरबा** : चोटिया
- **जशपुर** : तमता
- **बस्तर** : धरमपुरा, आड़ावाल
- **कांकेर** : कापसी
- **कोण्डागांव** : कुंए
- **बीजापुर** : पुजारी कांकेर, कोण्डापल्ली
- **नारायणपुर** : गारपा, कस्तुरमेटा, फरसबेड़ा, तोके, गोमांगल, कुतुल
- **सुकमा** : एलमागुण्डा, डब्बाकोंटा, पुरना, चिंगापरम, सिलगेर

### भागवताचार्य पं. ओझा नए वर्ष में आएंगे सुनाएंगे भागवत कथा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा की ओजस्वी वाणी जल्द ही राजधानी रायपुर में सुनाई देगी। जैनम मानस भवन, विमानतल रोड पर मिरानी ग्रुप ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा साधक समूह पं. ओझा के मुखारबिंद से कथा सुनने आतुर है। छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रांतों व जिलों से लोग कथा सुनने पहुंचेंगे, इसलिए आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है। नए वर्ष 2025 के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में कथा पाठ करने वे रायपुर आ रहे हैं। रायपुर में व्यासपीठ से उन्हें प्रत्यक्ष सुनने का मौका मिलेगा। कथा की शुरुआत 2 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और पं. ओझा द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। आस्था व धर्म संदेश चैनल पर कथा सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।



# फिल्मी अंदाज में मारपीट और लूट चार बदमाश गिरफ्तार, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर के लिए किराना सामान लेने गए व्यक्ति को घेरकर फिल्मी अंदाज में मारपीट कर 50 हजार रुपए लूट करने के आरोप में गुढ़ियारी पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस ने उनके आड़े-तिरछे बाल कटवाकर जुलूस निकालकर कानून का पाठ पढ़ाया। घटना पांच दिन पूर्व की है। बदमाशों ने जहां मारपीट तथा लूट की घटना की थी, पुलिस ने बदमाशों को उसी जगह ले जाकर सबक सिखाया। कलिंग नगर निवासी बृजेश शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने सुनील उर्फ विद्याधर सोनी, देशी उर्फ छोटू उर्फ सोमनाथ सोना, भुरू उर्फ विरेंद्र संद्रे तथा राजा नायक को गिरफ्तार किया है। बृजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मिराज पेट्रोल पंप के पास घर के लिए सामान खरीदने गया था। वहां पूर्व से खड़े सुनील तथा उसके साथियों ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चारों तरफ से घेरकर मारपीट की। मारपीट कर रहे बदमाश अपने हाथ में चाकू रखे हुए थे।

- **किराना सामान खरीदने गए व्यक्ति को बदमाशों ने घेरकर मारपीट करने के बाद गाड़ी की डिक्की से रुपए निकाल लिए थे**



### बाथरूम में छिपकर बचाई जान

*बृजेश के अनुसार बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की, तो वह अपनी दोपहिया छोड़ बाजू के पेट्रोल पंप के वाशरूम में जाकर खुद को बचाया। बृजेश के अनुसार उसकी एक्टिवा में चाबी लगी हुई थी। बदमाश देख लेने की धमकी देते हुए बृजेश की एक्टिवा अपने साथ ले गए और थोड़ी दूर जाने के बाद एक्टिवा की डिक्की में रखे 50 हजार रुपए निकालकर बीयर की बोतल भर दी।*

### घटना की जानकारी देने पर मारने की धमकी

*बृजेश ने पुलिस को बताया कि बदमाश गाड़ी ले जाने के थोड़ी देर बाद उसे गाड़ी देने लौटे। बदमाश उसे फिल्मी अंदाज में घटना की जानकारी किसी को देने तथा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पर पूरे खानदान को जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।*

**आज दिल्ली में लिया जाएगा फैसला**

# भाजपा का 36 जिलाध्यक्षों के लिए पैनल तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश के 36 संगठन जिलों के जिलाध्यक्षों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल शुक्रवार को तय हो गया है। अब इस पैनल पर दिल्ली में रविवार को चर्चा कर जिलाध्यक्षों का ऐलान किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने यहां पहुंच कर संगठन चुनाव को लेकर समीक्षा की। इसी के साथ पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी बैठक की है।

- **प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने संगठन चुनाव की प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा**



### हर वर्ग का रखा जाएगा ध्यान : पटेल

भाजपा के केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक और खरगोन-बड़वानी के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, जिलाध्यक्षों के चुनाव में हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। जातिगत समीकरण, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, पूर्व पदाधिकारी के काम के आधार और पूरे जिले की आवश्यकता को देखते हुए ही जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। श्री पटेल ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के विचार के आधार पर संगठन को गढ़ा जाता है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक व सांसद गजेंद्र सिंह पटेल शुक्रवार को रायपुर पहुंचे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, संगठन चुनाव प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख व जिला चुनाव अधिकारियों के साथ संगठन चुनाव की समीक्षा की। बैठक में सभी जिलों के चुनाव प्रभारियों व सह प्रभारियों से प्रदेश प्रभारी श्री नवीन सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने वन टू वन चर्चा की और उनके क्षेत्र में बूथ व मंडल में चुनाव की जानकारी ली। अब तक 23 हजार चार बूथों में चुनाव हो गए हैं। सात सौ बूथों के चुनाव बचे हैं। 476 मंडलों में से 421 में चुनाव हुए हैं। इसमें से तीन मंडलों के चुनाव रद्द कर दिए गए हैं। कुछ और मंडलों के भी चुनाव रद्द होने की संभावना है। इसी के साथ जिला अध्यक्ष पद के लिए आए दावेदारों के नामों पर चर्चा करने के बाद तीन-तीन नामों का पैनल तय किया गया है। जिला अध्यक्षों के नामों के पैनल पर केंद्रीय चुनाव समिति में चर्चा कर अंतिम निर्णय किया जाएगा।

### निकाय-पंचायत चुनावों को लेकर भी हुई बैठक

संगठन चुनाव समीक्षा बैठक के तुरंत बाद नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु महामंत्रियों, संभाग प्रभारियों की बैठक हुई। इस बैठक में निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा की प्रभावी जीत के संबंध में मार्गदर्शन किया गया। चुनाव को लेकर सभी से तैयारी करने के लिए कहा गया। बैठक में महामंत्री संगठन पवन साय , खूबचंद पारख, महामंत्री रामू रोहरा, रामजी भारती, भरत लाल वर्मा, रायपुर संभाग व पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह, दुर्ग संभाग व नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी उपस्थित रहे।

# रविवि की छात्रा सात दिन से लापता धरने पर बैठीं डोंगरगढ़ विधायक



सरस्वती नगर थाने में एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से लापता छात्रा की खोज गंभीरतापूर्वक करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल सरस्वती नगर थाना में शुक्रवार को धरने पर बैठ गईं। उनके साथ पालता बालिका के माता-पिता और ग्रामवासी भी थे। इसके पूर्व विधायक विश्वविद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने गायब छात्रा के संदर्भ में विवि प्रशासन से जानकारी ली। गौरतलब है कि रविवि के गर्ल्स हॉस्टल से एमएससी फाइनल ईयर की 25 वर्षीय छात्रा 7 दिसंबर से गायब है। 20 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन प्रारंभ की है, लेकिन अब तक छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## खबर संक्षेप

### खम्हरिया में घासीदास जयंती व मड़ई मेला आज

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में 29 दिसंबर को घासीदास जयंती समारोह और मड़ई मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी भारती, उपाध्यक्ष प्रवीण गायकवाड़, कोषाध्यक्ष गंगा प्रसाद भारती, सचिव राजेश टंडन ने बताया कि 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। शाम 4 बजे ध्वजारोहण होगा। इसके बाद मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात 9 बजे से बच्चों का रंगारंगा कार्यक्रम, पंथी नृत्य का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायर रिकेश सेन, नवीन स्कूल के प्राध्यापक डॉ. अमरनाथ शर्मा, भारती कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. सुचित्रा शर्मा, सतनामी समिति के बुधराम भारती प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन में पूरा गांव शामिल होगा। आयोजन में पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है।

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति सुबह 10 से 1.30 बजे तक बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 28 दिसम्बर को मरोदा सेक्टर, 30 को सेक्टर-10, 31 को सेक्टर 6 का एक तिहाई हिस्सा, रसियन कॉम्पलेक्स व बीएमडीसी1 जनवरी को से.-7 का आधा हिस्सा व से. 2 जनवरी को से.6 का एक तिहाई हिस्सा व सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, 3 जनवरी को से.6 का एक तिहाई हिस्सा तथा 4 जनवरी को खुर्सीपार जोन 2 व 3 शामिल हैं।

### पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के सब जूनियर ग्रुप में ऋषभ ने मारी बाजी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ी ऋषभ निर्मलकर ने यूनाइटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन महाराष्ट्र द्वारा आयोजित चौथी ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 में सब जूनियर क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने ऋषभ की इस उपलब्धि पर प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया। रिकेश ने कहा कि प्रदेश के युवा देश भर में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहरा रहे हैं, जिससे यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि हमारा छत्तीसगढ़ जल्द ही भारत के खेल हब के रूप में प्रसिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ सरकार और समाज के सहयोग से खेल का माहौल और बेहतर हो रहा है, जो भविष्य में और उपलब्धियां सुनिश्चित करेगा।

# दुर्ग संभाग में अलर्ट जारी, तीन दिन तक रहेंगे बारिश के आसार


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मौसम में बड़ा उतार-चढ़ाव होने जा रहा है। पिछले दो दिनों से आसमान पर छाई बदली और धूप ने ठंड को काफी कम कर दिया है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों में बारिश की संभावना जताई है। इस हिसाब से तापमान में भी व्यापक गिरावट आ सकती है। विभाग ने दुर्ग संभाग सहित 11 जिलों में एलर्ट जारी किया है। जहां तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

## 2 से 8 डिग्री तक गिरेगा तापमान

### पश्चिमी विक्षोभ का ऐसा प्रभाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है। जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है।प्रदेश में कल 28 दिसंबर को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



### 29 से वर्षा की बन रही स्थिति

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग संभाग सहित प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण 29 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 27 और 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ में तथा 28 और 29 दिसम्बर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की सम्भावना है ।29 दिसम्बर से प्रदेश के न्युनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है ।

### एक से शीतलहर की चपेट में छत्तीसगढ़

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है ।2 जनवरी को भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश के मध्य और उत्तर में ठंड का पीक शुरू होगा। इसी के साथ ही प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री तापमान में गिरावट आ सकती है। 3 जनवरी को बस्तर के जिलों में ठंड का पीक रहेगा।

**दिन व रात में भी गर्मी बढ़ीः** मौसम के हालात इन दिनों अजब-गजब सा है। दिन में अचानक धूप निकल आती है और बदली छा जाती है। ऐसा लगने लगता है कि बारिश हो जाएगी लेकिन कुछ देर बाद बादल छंट जाते हैं। शाम और रात को भी ठंड गायब सा है। लोगों की रातें केवल एक चादर में गुजर रही है। कंबल का उपयोग करना बंद हो गया है। स्वेटर और गरम कपड़े के बिना ही काम चल रहा है।

## अटलजी के साथ डा. रमन व प्रेमप्रकाश के आमंत्रण पर सहर्ष आए थे भिलाई

# जब भीषण गर्मी में मनमोहन ने किया टेक्निकल यूनिवर्सिटी का उद्घाटन

विमलशंकर झा ▶▶ भिलाई

हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी,कितने सवालों की आबरु रख ली...।अपने सहज, विनम्र व्यक्तित्व और अदबी शेरो शायरी की हाजिरजवाबी के लिए प्रसिद्ध आर्थिक सुधारों के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डां. मनमोहन सिंह के अवसान से पूरा देश गमगीन है। देश को प्रगति के राजपथ पर अग्रसर करने के साथ गरीबों को रोजगार व नौनिहालों को शिक्षा का हक दिलाने और शासन को जवाबदेह बनाने में अहम किरदार निभाने के लिए उन्हें देश दुनिया उन्हें सदैव याद रखेगी। इस्पात नगरी यह यादकर गौरवान्वित है कि अपने दस साल के प्रधानमंत्रित्व काल में देश को कई सुधार देने वाले डां. मनमोहन सिंह का भिलाई से गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने बतौर पीएम भिलाई को स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय की नेमत दी थी। देश को वित्तीय संकट से उबारकर आर्थिक उदारीकरण की राह पर ले जा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, डायरेक्ट बेनफिट ट्रांसफर,आधार, सूचना व शिक्षा का अधिकार, अर्थ व्यवस्था को मजबूती, अमरीकी परमाणु डील, और कृषि ऋण माफी जैसे सुधारों से अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान देने वाले 2004 से 14 तक पीएम रहे डां. मनमोहन सिंह का भिलाई के विकास में भी अवदान रहा है। औद्योगिक नगरी की प्रगति में अग्रगामी भूमिका निभाने वाले प्रदेश में 4 दशक से सियासत में सक्रिय भिलाईनगर के 4 बार विधायक, 3 मर्तबा मंत्री रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के भरसक प्रयास से 2005 में भाजपा शासनकाल में यहां आईआईटी की तरह स्वामी तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। भाजपा शासनकाल में सीएम डां. रमन सिंह के साथ तत्कालीन स्पीकर श्री पांडेय की भी इच्छा थी कि यूनिवर्सिटी का उद्घाटन और भवन की आधारशिला डां, मनमोहन सिंह जैसे लोकप्रिय व्यक्तित्व के करकमलों से हो।

### शिक्षाविदों और पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश ने किया याद



### एक मंच पर दिखे थे कांग्रेस व भाजपा नेता

पूर्व केबिनेट मंत्री श्री पांडेय बताते हैं कि पूर्व पीएम अटलजी के साथ हमारे आमंत्रण को पीएम डां. सिंह ने पूरा सम्मान दिया और सहर्ष भिलाई आए। एजूकेशन हब व भिलाईयंस की तारीफ भी की। यह भिलाई का पहला सुयोग था जब बीएसपी की बुनियाद रखने वाले पीएम पं. नेहरु के बाद स्व. सिंह के रुप में कोई दूसरा प्रधानमंत्री किसी सरकारी संस्थान की नींव रखने भिलाई आया हो। तीस अप्रेल 2005 को जयंती स्टेडियम मैदान में गरिमामय समारोह में पीएम स्व. सिंह ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी की बुनियाद रखी थी। छग में भाजपा व केंद्र में कांग्रेस सरकार के सुखद संगम की सौगात के हजारों की मौजूदगी के इस ऐतिहासिक समारोह में मानव संसाधन मंत्री मंत्री प्रियरंजन दास मुंशी, केंद्रीय मंत्री मोतीलाल वोरा,अंबिका सोनी, राज्यपाल कृष्णमोहन सेठ, सीएम डां. रमन सिंह, स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय, उच्च शिक्षा मंत्री अजय चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, उच्च शिक्षा सचिव श्रीमती पारकर,विवि के वाइस चांसलर डां. बीके स्थापक उपस्थित थे। सेना के स्पेशल प्लेन से आए पीएम ने 2 घंटे के समारोह में भिलाई के मेलमिलाप, एजूकेशन व देश की प्रगति पर 17 मिनट का भाषण दिया था। भीषण गर्मी में एसीनुमा हाईकेफासिटी कूलर अटैज्ड वीवीआईपी लाउंच में चाय बिस्किट के दौरान उमस को भूल कांग्रेस व भाजपा नेताओं से सहज घुलमिलकर कर बतिया रहे थे। श्री पांडेय ने भिलाई आगमन के लिए उनके प्रति आत्मीयता से कृतज्ञता जाहिर की थी।

### शिक्षाविदों ने कहा- विजन से हुआ विकास

पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह से भिलाई आगमन पर बतौर शिक्षाविद मिले शहर के शिक्षाधिकारियों को उनकी विनम्रता, सहजता, विद्धता और ईमानदारिता ने खासा प्रभावित किया। वे देश की मौजूदा प्रगति के पीछे उनके प्रधानमंत्रित्व काल में किए उनके आर्थिक सुधारों को श्रेय देते हुए निधन को अपूरणीय क्षति बताते हैं। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि भिलाई के प्रभारी वीसी सच्चिदानंद शुक्ला बताते हैं कि हमें गर्व है कि हमारी विवि का उद्घाटन व भवन का शिलान्यास एक बड़े अर्थशास्त्री रहे पीएम ने किया था। तकनीकी विवि के पूर्व कुलपति व वर्तमान में पालीटेक्निक कालेज दुर्ग के प्रिंसिपल प्रकाश पांडेय बताते हैं कि विश्वविद्यालय का अत्यधिक गरिमामय उद्घानटन समारोह इसलिए भी संदेशपरक था कि प्रदेश की भाजपा व केंद्र की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दोनों पार्टी के नेताओं की मौजूदीग में भिलाई को विवि का उपहार मिला था। स्व. सिंह ने यदि अपने समय आर्थिक सुधारों को गति नहीं दी होती तो संकट के दौर से गुजर रहे हमारे देश की भी आर्थिक स्थिति पड़ोसी मुल्कों की तरह बदहाल होती। हमने एक सौम्य और बड़ा आर्थिक सुधारक खो दिया है। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय भिलाई के पूर्व क्षेत्रीय समन्वयक डां. डीएन शर्मा बताते हैं कि पीएम रहे डां. सिंह के विजन बड़ा था। उनके आर्थिक सुधारों के साथ शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार जैसे कानून क्रांतिकारी थे। असिस्टेंट रजिस्ट्रार भास्कर चंद्राकर बताते हैं कि पूर्व पीएम डां. सिंह के विवि के उद्घाटन उनके देशव्यापी योगदान की तरह विवि परिवार हमेशा याद रखेगा। पूर्व साडा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह बताते हैं कि प्रशासन के उदघाटन कार्यक्रम की तैयारी भाजपा व कांग्रेस दोनों मिलकर सहयोग दिया था। दस साल का डां.मनमोहन सिंह का कार्यकाल देश के चहुंमखी विकास के लिए याद किया जाएगा। सभी दलों में लोकप्रिय स्व, मितभाषी तो थे लेकिन हाजिरजवाबी भी थे। उनके संसद में केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के आरोप पर शायराना अंदाज में दिया जवाब देश को अब तक याद है- माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हू मैं, मेरा शौक देख मेरा इंतजार तो देख।

### विजय बघेल व पांडेय ने बताया सौम्य व महान आर्थिक सुधारक

सांसद विजय बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सरल, सहज, अत्यंत धीरज रखने वाले एक महान अर्थशास्त्री थे। योगदान देश कभी भूल नहीं पाएगा। उन्होंने अपनी बुद्धिमता और दूरदर्शिता से देश और पूरे विश्व को आर्थिक संकट से उभारने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें हमेशा एक महान, ज्ञानी और दूरदर्शी राजनेता के रूप में याद किया जाएगा। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन का जाना देश के लिए दुखदायी है। वे एक उन्हें देश आर्थिक उदारीकरण के दौर में एक बडे आर्थिक सुधारक और सौम्य सरल व नेक इंसान के रुप में याद करेगा। सभी को साथ लेकर नेतृत्व करने क कला जानते थे।

### ताम्रध्वज से कहा- अपूरणीय क्षति

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने डॉ मनमोहन सिंह के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि आर्थिक सुधारों के लिए देश उन्हें हमेशा याद किया करेगा। पूर्व पीएम के निधन बाद कर्नाटक में सीब्ल्यूसी की बैठक से लौटे सभी कार्यक्रम रद्द करने के बाद साहू ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में विभिन्न पदों पर रहने वाले डॉक्टर सिंह सादगी के मूर्ति थे। उन्होंने कहा कि स्व, सिंह का दस साल का पीएम का कार्यकाल देश के विकास व संगठन को सुदढ़ करने के लिए याद किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पाटन विकासखंड के शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय में प्राचार्य के निर्देशन पर विद्यालय के पांच छात्र एवं ललित किशोरी साहू व्याख्याता ने यह सफलता हासिल की है। इनके द्वारा बनाए गए पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इसके लिए विप्रो अर्थियन अवार्ड 21 फरवरी 2025 को बेंगलुरु में दिया जाएगा। साथ ही विद्यालय को 50 हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में शामिल होने के लिए विद्यालय के छात्र पहली बार हवाई जहाज से यात्रा करेंगे। चयनित व्याख्याता ने बताया कि सीसीई द्वारा कचरा एवं सस्टेनेबिलिटी, जल एवं सस्टेनेबिलिटी, जैव विविधता एवं सस्टेनेबिलिटी पर प्रोजेक्ट रिसर्च व आवेदन मंगाए गये थे। विद्यालय के छात्र डोमेन्द्र साहू, थनिला साहू, नीरज निर्मलकर, भूमिका एवं संध्या साहू ने ललित किशोरी साहू व्याख्याता के मार्गदर्शन में जैव विविधता एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सीईई लखनऊ को भेजी थी। वहां पर चयनित होकर इसे राष्ट्रीय स्तर पर भेजा गया। वहां विद्यालय का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। विद्यालय परिवार सीईई के सभी सदस्य एवं जूरी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता है। विशेष उपलब्धि संस्था के प्राचार्य मंजू शुक्ला, ललित किशोरी साहू व्याख्याता गाईड शिक्षक के निर्देशन में शत्रुघन सिंह ठाकुर (तकनीकी सहायक) एवं छात्रों के सहयोग से यह उपलब्धि विद्यालय के लिए मील पत्थर साबित हुई है। विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए यह बड़ी सफलता है।



■ 21 फरवरी को बेंगलुरू में मिलेगा विप्रो अर्थियन अवार्ड

इस श्रेणी में देश भर के 1550 विद्यालयों ने भाग लिया था। जिसमें देशभर से 23 एवं प्रदेश से केवल 3 टीम का चयन हुआ। जिसमें दुर्ग जिले से शाउमा विद्यालय उरला बीएमवाय, कुगदा एवं वैशाली नगर विद्यालय शामिल है। गाइड शिक्षिका एवं छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं समिति के सभी सदस्यों ने विद्यालय एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सीमांकन, निर्माण कार्यों में गति धीमी, आयुक्त ने दिखाई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम के सभी विभागीय कार्यों की समीक्षा आयुक्त आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने की। पूर्व में दिए गये निर्देशो के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक बुलाई। चल रहे विकास व निर्माण कार्यो की गति संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होने नाराजगी दिखाई। उन्होने वर्ष 2023 से शुरू हुए सभी निर्माण कार्यो की समय अवधि लगभग पूर्ण हो रही है और जिन कार्यो में विलंब हो रहा है। उसे समय अवधि में पूर्ण करने जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किये, कि सभी कार्यो को दिए गये समय पर पूर्ण कराये।

**तालाबों का होगा सीमांकन-** आयुक्त पांडेय ने कहा कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित सभी तालाबों का सीमांकन किया जाए। उसको नगर निगम के राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाए। जिससे कोई भी व्यक्ति तालाब के किनारे अतिक्रमण न कर सके।

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

### शक्ति दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम नशा मुक्ति व स्वच्छता पर दिया गया जोर

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा एक साथ, एक ही दिन सभी स्थलों पर गांव व शहरों में शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजाराम तारम जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 ने अपने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वे भालूकोन्हा, गैंजी, मरकामटोला तथा झरनटोला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैंने समाज के लोगों को संगठित करने का जो बीड़ा उठाया है, उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति व स्वच्छता पर जोर दिया।

पेज 11 का शेष...

### ओबीसी महासभा...

एवं सुभाष साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। आभार प्रदर्शन रायपुर संभाग अध्यक्ष हेमंत कुमार ने किया।

**सदस्यता अभियान पर जोर-** बैठक के दौरान संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए संगठन का विस्तार कर ग्राम व वार्ड इकाई गठित करने एवं सदस्यता अभियान पर सभी पदों को पूर्ण करने की अपील की गई। समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण के लिए अपने घर के समक्ष ओबीसी महासभा का फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर आदि लगाया जाए, दीवार लेखन, अपने नाम के पूर्व ओबीसी शब्द लगाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही पंचायती राज चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में अधिक से अधिक उम्मीदवारी ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों द्वारा किए जाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही मंडल आयोग की 40 अनुशंसाओं, आबादी के बराबर हिस्सेदारी आरक्षण, जातिगत जनगणना आवश्यक क्यों, कॉलेजियम सिस्टम, लैटरल एंट्री आदि विषयों पर सेमिनार, वाद विवाद/क्विज प्रतियोगिता के आयोजन का सुझाव भी दिया गया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


# मुख्यमंत्री साय ने किसानों को लिखी चिट्ठी, कृषकों ने कहा- हो रहा सम्मान का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

विष्णु की पाती पाकर बालोद जिले के किसानों में खुशी और उत्साह की लहर है। जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा के किसान दुरजन सिंह साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश 'विष्णु की पाती' पाकर अपनी खुशी व्यक्त की है।

दुरजन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के पत्र को पढ़कर सम्मान का अनुभव हो रहा है। मुख्यमंत्री के इस आत्मीय प्रयास से हम किसानों को काफी खुशी हुई है। यह हम सभी किसानों के लिए किसी सम्मान से कम भी नहीं है। दुरजन सिंह ने राज्य सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी की दर में वृद्धि कर हम किसानों की मेहनत को सम्मान देने का कार्य किया है।

## विष्णु की पाती पाकर खिले किसानों के चेहरे



### किसानों की मेहनत को सम्मानित करने समर्पित है सरकार

ग्राम कोहंगाटोला के किसान ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी निर्णयों से हम किसानों की आर्थिक स्थिति अब समृद्धि की ओर है। किसान अब पारम्परिक कृषि से आगे बढ़ते हुए वैज्ञानिक पद्धति से कृषि कार्य कर रहे हैं। किसान अब अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और घर की स्थिति को भी मजबूत कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया यह पत्र हम किसानों को आशान्वित करता है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हम किसानों के मेहनत को सम्मानित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। इसी प्रकार पारराास के किसान बसंत निर्मलकर ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी फैसलों एवं निर्णयों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।



**इस वर्ष धान बेचने में नहीं हुई कोई परेशानी-** किसान रमेश कुमार साहू ने कहा कि विष्णु की पाती के माध्यम से मुख्यमंत्री ने हमसे संवाद कर हमारा मान बढ़ाया है। विष्णु की पाती मिलने से हम सभी किसानों को बहुत ही अपनत्व एवं गर्व की अनुभूति हो रही है। उसने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में इस वर्ष धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री के लिए आने पर सभी व्यवस्था उपलब्ध होने से हम किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई है। रमेश कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुशासन में हम सभी किसानों को समृद्धि के साथ ही सम्मान भी मिला है।

## खबर संक्षेप



### घोघोपुरी में टीन शेड निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

गुरूर। ग्राम घोघोपुरी में मातर मंच के पास टीन शेड का निर्माण कार्य के लिए विधायक संगीता सिन्हा ने शनिवार को भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य मनहरण साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारख साहू, सेक्टर अध्यक्ष नारद यादव थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि गांव एवं क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा। इस दौरान कुछ ग्रामीण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक के पास पहुंचे थे। इस पर उन्होंने शीघ्र ही निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच लीलाराम सिन्हा, पंच पूर्णिमा सिन्हा, त्रिवेणी साहू, भुपेन्द्र गंजीर, डिगेश्वर राम ठाकुर, यशोदा सिन्हा, खिलेन्द्र गंगबेर, बुधंतीन ठाकुर, पूर्णिमा सिन्हा, भुनेश्वरी ठाकुर, फुलमत ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविर : शासकीय विद्यालय रसमड़ा व पुरई के स्वयंसेवक शिविर में हो रहे हैं शामिल

# कोड़िया में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर






हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

शासकीय विद्यालय रसमड़ा व पुरई की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 से 29 दिसंबर तक ग्राम कोड़यिा (हनोदा) में किया जा रहा है। शिविर में 70 छात्राएं व 30 छात्र स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे हैं। शिविर का उद्देश्य युवा वर्ग का व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व क्षमता का विकास करना है । शिविर में सभी स्वयंसेवक प्रातः 6 बजे रैली निकालकर स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से लोगों में जागरूक किया जा रहा है। पुरई स्कूल की प्राचार्य सीमा दवे व व्याख्याता नवनीत ठाकुर को अपने बीच पाकर बच्चे काफ़ी उत्साहित हुए। प्रतिदिन सुबह की शुरुआत योगाचार्य राम अवतार चंद्राकर व शीर्षासन के ग्रिनीज बुक रिकॉर्डधारी टिकेश्वर पटेल योगा, ध्यान व जुम्बा डांस का अभ्यास करवा रहे हैं। सभी स्वयंसेवक गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय यज्ञ में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम व्याख्याता जयपाल सिंह गाँवरे व विनोद सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### आमटी में लगा एनएसएस का विशेष शिविर



अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 21 से 27 दिसंबर तक ग्राम आमटी में सात दिवसीय विशेष सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम आमटी के सरपंच घनश्याम साहू थे। श्री साहू ने शिविर की शुरुआत करते हुए युवाओं को ग्रामीण विकास और समाज सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विभिन्न रचनात्मक, सेवा कार्यों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। गाँव के सार्वजनिक स्थलों और प्राथमिक शाला परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श का आयोजन कर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। योग एवं दर्शन विभाग के सहायक प्राध्यापक हिमांशु केसरवानी ने शिविरार्थियों को प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया। बौद्धिक चर्चा के तहत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारियों ने पाक्सो एक्ट, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता के लिए चयन, व्यक्तित्व विकास, कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में जानकारी प्रदान की। डॉ. रजनी राय ने डिजिटल साक्षरता एवं व्यक्तित्व विकास के संबंध में मार्गदर्शन दिया। अंडा थाना के तुलसीराम साहू साइबर क्राइम व यातायात सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। वहीं, गांव में पौधे भी लगाए गए। इसी तरह प्रतिदिन रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनारंजन के साथ ही जागरुकता अभियान भी चलाया गया। 27 दिसंबर को शिविर का समापन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय थे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी योगिता नशीने ने किया। शिविर में सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू एवं राजेश साहू का विशेष योगदान रहा।



## बाबा गुरु घासीदास ने सामाजिक समरसता का दिया संदेश : पुष्पेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- ग्राम चिचबोड़ में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं सदस्य


कलंगपुर। गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम चिचबोड़ में अखिल भारतीय नवयुवक सतनामी समाज के तत्वावधान में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा–अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने ऊंच–नीच के भेद भाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। उनके बताए मार्ग पर चलने से ही सामाजिक समरसता में वृद्धि होगी। सत्य के संदेश को अपने आचरण में उतारकर सतगुणी बनने की उन्होंने प्रेरणा दी थी व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। ग्राम चिचबोड़ के सतनामी समाज भवन की मरम्मत के लिए जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने एक लाख रूपये मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान जनपद सदस्य तेज राम साहू, विशेष अतिथि ढाल सिंह साहू, सरपंच हीराधर मेश्राम, बलराम पटेल, टीकम सेन, मिलन साहू, गोविन्द गेन्ड्रे, सरिता महिपाल, भोजराम महिपाल सहित समाज के लोग उपस्थित हुए।

# भगवान से साधन नहीं साधना मांगें

### महावीर भवन में संत स्वेत तिलकजी मसा ने कहा-सुख साधन में नहीं, गुणों में होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



सुख साधन में नहीं गुणों में होता है। हम सुख की कामना मन के स्तर पर या शरीर के स्तर पर करते हैं। कोई कार्य मन के इच्छानुसार न हो या मन के विपरीत हो तो हम दुखी या क्रोधित हो जाते हैं, मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखकर ही तनावरहित हुआ जा सकता है।

उक्ताशय के विचार संत स्वेत तिलकजी मसा ने महावीर भवन में अपने प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमारे तीर्थंकर परमात्माओं ने सुख शांति और मोक्ष का मार्ग बताया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सच्चा सुख और आत्मा के परम पद को प्राप्त किया जा सकता है जैन दर्शन के अनुसार हमारे परमात्मा मार्गदर्शक हैं वे पालनहार नहीं हैं। जैन दर्शन आत्मा के कल्याण पर आधारित है, क्रोध लोभ, राग द्वेष यह आत्मा का स्वभाव नहीं है, किंतु इन कसायों को छोड़ नहीं पाने के कारण हम दुखों से घिरे होते हैं। यह आत्मा शरीर के अंदर एक कैदी की तरह है, जिस तरह एक कैदी को जेल में कितनी भी सुविधा दी जाए लेकिन वह स्थान उसे रास नहीं आता, उसी तरह आत्मा को कसायों से घिरा हुआ मन पसंद नहीं आता। ऐसा व्यक्ति कभी सुख और शांति को प्राप्त नहीं कर पाता। अतः पुरुषार्थ गुणों को प्राप्त करने में लगाएं। भगवान से साधन नहीं साधना मांगें।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों में कूट-कूट कर भरी होती है नैतिकता व ईमानदारी के गुण : पिस्दा

### ग्राम किल्लेकोड़ा में आयोजित एनएसएस के 7 दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वनांचल क्षेत्र के ग्राम किल्लेकोड़ा में आयोजित शिविर का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि केआर पिस्दा पूर्व कलेक्टर एवं पीएससी संघ के अध्यक्ष थे। अध्यक्षता टिकेन्द्री ठाकुर सरपंच भैंसबोड़ ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पिस्दा ने कहा कि लोगों को सबसे पहले चरित्रवान बनना चाहिए, ईमानदार बनना चाहिए, राष्ट्र निर्माता बनना चाहिए। ये सभी गुण एनएसएस के स्वयंसेवकों में कूट-कूट कर भरा होता है। यही भावना उन्हें देशभक्ति के मार्ग पर ले जाने में सहायक होती है। भैंसबोड़ की सरपंच टिकेंद्री ठाकुर ने कहा कि इस शिविर द्वारा भैंसबोड़ के छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों से किल्लेकोड़ा के ग्रामीण काफी प्रभावित हुए हैं। स्वयंसेवकों ने जो सहयोग प्रदान किया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं, किल्लेकोड़ा की सरपंच श्रीमती गांवरे ने कहा कि भैंसबोड़ के छात्र-छात्राओं से हम लोगों ने ज्ञान की बातें खूब सीखी। कार्यक्रम को श्री कुल्हार्य ने कहा कि एनएसएस के छात्र छात्रों द्वारा स्वच्छता, नशा मुक्ति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में जागृति लाने का जो प्रयास किया गया, वह काफी सराहनीय रहा। कार्यक्रम को भूषण देवानंद, श्री दादरे एवं डॉ. साहसी व्याख्याता ने भी संबोधित किया।

**स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जीत लिया लोगों का दिल-** इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन मंजू लाल धनकर व्याख्याता भैंसबोड़ एवं आभार प्रदर्शन जग्गू देवानंद ने किया। कार्यक्रम में ललिता गांवरे सरपंच किल्लेकोडा, वीरेंद्र कुल्हार्य, गैंदलाल तारम, निर्भय भंडारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोड़ा, परसराम भुआर्य, भूषण देवांगन भैंसबोड़, जग्गू देवानंद, राज्यपाल पुरस्कृत डॉ बी.एल. साहसी व्याख्याता किल्लेकोडा, के. दादरे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला अगरियापारा, भाग्यलक्ष्मी व्याख्याता भैंसबोड़ थे।

## शो पीस बना लाखों की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय, पंचायत ने लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

- ग्राम पंचायत देवकोट का मामला

ग्राम पंचायत देवकोट में बना सार्वजनिक शौचालय शो पीस बनकर रह गया है। पंचायत के अनुसार कार्य 27 अक्टूबर 2024 को पूर्ण हो चुका है, लेकिन भवन स्वयं बता रहा है कि वह अधूरा है, अपनी नाकामी छुपाने पंचायत ने शौचालय में ताला लगा दिया है। यह सब चुनाव के पहले कार्य की पूरी राशि निकालने के लिए किया जा रहा है। ऐसे ही मामले अन्य कई पंचायतों में होने की चर्चा जनपद के गलियारों में है। विकासखण्ड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत देवकोट में कोई जिम्मेदार देखने वाला नहीं है। इसके कारण यहां लगातार मनमानी की शिकायत सामने आ रही हैं। ताजा मामला सार्वजनिक शौचालय का है, यहां 3.50 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है, इसके लिए 15वें वित्त से 84110 रूपए एसबीएम से 2.10 लाख एवं मनरेगा से 55890 रूपए स्वीकृत हुए हैं। पंचायत के अनुसार कार्य 27 अक्टूबर 2024 को कार्य पूर्ण हो गया है, लेकिन पूर्णता घोषित करने के दो माह बाद भी पंचायत शौचालय तक पानी पहुंचा नहीं सका है। अब भी अधूरी पाईप लाइन पंचायत की भर्राशाही की सच्चाई बयां कर रही है।




### महीनों से लगा है ताला

यहां पंचायत ने पूर्ण हो चुके शौचालय में ताला लगा रखा है। अंदर कितना कार्य हुआ है, यह अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि महीनों से लगातार इसमें ताला लटक रहा है, लेकिन ग्रामीणों की मानें, तो अभी शौचालय के अंदर का कार्य भी अधूरा है। जानकारों का दावा है कि अधूरे कार्य को पूर्ण बताने के पीछे पंचायत की मंशा आर्थिक हेरा फेरी की है। बताते हैं कि कार्य पूर्ण बताकर पंचायत सार्वजनिक शौचालय की पूरी राशि का आहरण करना चाहती है, क्योंकि वर्तमान पंचायत का कार्यकाल अंतिम दिनों में है। कभी भी चुनाव आचार संहिता लग सकती है, इसलिए अधूरे कार्य को पूर्ण बताकर पंचायत राशि का आहरण करना चाहती है। कुछ पंचों का दावा है कि पंचायत ने पूरी राशि का आहरण कर लिया है। मामले में सरपंच व सचिव से लगातार संपर्क करने, चर्चा करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे चर्चा के लिए उपलब्ध नहीं हो सके।

### अर्जुंदा में आयोजित श्रीमद् भागवत में संत राजीव नयन ने बताई श्री कृष्ण जन्म की कथा

# बाल कृष्ण की झांकी ने मोहा दर्शकों का मन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुंदा

स्व भागवत प्रसाद चंद्राकर एवं स्व दीपक चंद्राकर की स्मृति में चंद्राकर परिवार अर्जुंदा के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 25 से 31 दिसम्बर तक किया जा रहा है। व्यासपीठ पर विराजित, भक्ति परक, रस सिद्ध भगवताचार्य राष्ट्रीय संत राजीव नयन के श्री मुख से रसमयी, ललित, माधुर्यमयी वाणी से कथा एवं संकीर्तन सम्राट संजीवनयन महाराज के सुमधुर एवं कर्णप्रिय, संगीतमयी भजनों से श्रीमद् भागवत कथामृत का रसास्वादन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन श्री वामन अवतार, श्री राम तथा श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया। 29 दिसंबर को श्री कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा तथा छप्पन भोग की कथा होगी। सोमवार 30 दिसम्बर को श्री महारास लीला, उद्धव चरित्र, रुक्मणि विवाह कथा होगी। मंगलवार 31 दिसंबर को श्री सुदामा चरित्र, हवन, पूर्णाहुति, आरती तथा महाप्रसादी होगी।

